नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय
## जंगल धूसड़-गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................  दिनांक 17.09.2018

## प्रकाशनार्थ

दिनांक १६.०९.२०१८ को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में युगपुरूष ब्रहमलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ० अभिषेक सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ''एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने के लिए खेल बहुत ही प्रभावी तरीका है क्योंकि यह सभी के लिए समान और अच्छी नौकरी के अवसरो को प्रदान करता है। यह खेल गतिविधियों का आयोजन करने वाले देश के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का अच्छा माध्यम है। यह एक देश के नागरिको को अपने देश के खेल में जीतने पर गर्वान्वित महसूस कराता है। यह प्रोत्साहित करता है और देशभक्ति की भावना को विकसित करता है। यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से देशो के बीच तनावो को कम करने का तरीका है। यह व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक ताकत को सुधारने में मदद करने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक मजबूती में भी सुधार करता है।'' इस प्रतियोगिता में कुल ३० छात्रों ने प्रतिभाग किया।

शाम तक चले इस प्रतियोगिता का निर्णायक मैच आयुष पाल, बी०एस–सी० द्वितीय वर्ष और सुधीर कुशवाहा, बी०एस–सी तृतीय वर्ष के बीच खेला गया। जिसमें आयुष पाल को विजेता और सुधीर कुशवाहा को उपविजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ० विजय चौधरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उन्हे प्रोत्साहित किया। अन्त में क्रीड़ा प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुबोध कुमार मिश्र, डॉ० अविनाश प्रताप सिंह, डॉ० प्रजेश मिश्र, श्रीमती शिप्रा सिंह तथा छात्र उपस्थित रहे।

**(डॉ0 राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी